Remitly Business अकाउंट एग्रीमेंट

कनाडा

Remitly Business में आपका स्वागत है, जिसे ब्रिटिश कोलंबिया के एक कॉर्पोरेशन Remitly Canada, Inc. ("Remitly", "हम", "हमारा", "हमें") द्वारा उपलब्ध कराया जाता है. Business का यह एग्रीमेंट ("एग्रीमेंट") उन शर्तों और नियमों को बताता है, जिनके तहत आपका बिज़नेस ("ग्राहक", "आप", "आपका") हमारी इंटरनेशनल मनी ट्रांसफ़र सर्विस ("Business अकाउंट" या "Business सर्विस" या "सर्विस") और अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकता है, जिसे हम आपको आपके Business अकाउंट के ज़रिए और इस एग्रीमेंट में बताए गए तरीके से उपलब्ध करा सकते हैं. हमारी सर्विस को ऐक्सेस करने या इस्तेमाल करने का मतलब है कि आप इस एग्रीमेंट का अनुपालन करने और इससे बंधे रहने के लिए सहमत हैं. यह एग्रीमेंट 28 अक्टूबर, 2025 से प्रभावी होगा**.** यह एग्रीमेंट कनाडा की Remitly Business सर्विस पर लागू होता है.

इस एग्रीमेंट या सेवा में किए गए उन बदलावों को छोड़कर, जो क्यूबेक के ऐसे सोल प्रोपराइटर पर लागू होते हैं जिन्हें *कंज़्यूमर प्रोटेक्शन ऐक्ट* (क्यूबेक) ("QCPA") के तहत उपभोक्ता माना जाता है और जिनके लिए नीचे दिया गया पैराग्राफ़ लागू होगा. लागू कानून के तहत Remitly को अपने विवेकाधिकार पर किसी भी समय इस एग्रीमेंट या नीचे दी गई किसी भी नीति में बदलाव, संशोधन या अन्य अपडेट करने का अधिकार है. इनमें इस एग्रीमेंट के किसी भी हिस्से को बदलना, जोड़ना या हटाना भी शामिल है. अगर कानून के हिसाब से हमारे लिए ऐसा करना ज़रूरी होगा, तो हम आपको किसी भी बदलाव के बारे में पहले से बता देंगे.

सिर्फ़ क्यूबेक में रहने वालों के लिए: इस एग्रीमेंट में बताए गए किसी भी दूसरे बदलाव या बदलाव के नियम के बावजूद, अगर आप क्यूबेक के ऐसे सोल प्रोपराइटर हैं, जिन्हें QCPA के तहत उपभोक्ता माना जाता है, तो हम आपको किसी भी बदलाव के बारे में 30 दिन पहले बता देंगे और बताई गई जानकारी में बदलाव, बदलाव लागू होने की तारीख और ऐसे बदलाव को मना करने और बिना किसी खर्च, पेनल्टी या कैंसिलेशन हर्ज़ाने के एग्रीमेंट को रद्द करने के आपके अधिकार के बारे में भी बताए जाएंगे. इसके लिए बदलाव लागू होने के 30 दिनों के भीतर हमें इसकी सूचना भेजनी होगी. अगर आप बदले हुए नियम और शर्तों से सहमत नहीं हैं, तो आपको हमारी सर्विस का इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए. बदलाव और अपडेट इन पर लागू हो सकते हैं: (i) सर्विस के तौर-तरीके पर; (ii) सर्विस से जुड़ी आपकी योग्यता और इस्तेमाल पर; (iii) अकाउंट की सुरक्षा पर; (iv) स्वीकार्य उपयोग पर; (v) कम्युनिकेशन और नोटिस पर; (vi) सर्विस से जुड़ी फ़ीस, शुल्क और लागत पर; (vii) लागू कानून और अधिकार क्षेत्र पर; (viii) अस्वीकरण, दायित्व की सीमाओं और वारंटी पर, या (ix) इस समझौते में शामिल किसी अन्य प्रावधान पर, जिसमें इस समझौते के तहत आपके या हमारे अधिकार, दायित्व और जिम्मेदारियां शामिल हैं.

इस एग्रीमेंट में किसी भी बदलाव के लागू होने के बाद भी सेवाओं का इस्तेमाल जारी रखने पर, यह माना जाएगा कि

आपने उन बदलावों को मान लिया है और ये आपको स्वीकार हैं. आप हमारी वेबसाइट पर जाकर किसी भी समय एग्रीमेंट के सबसे नए वर्शन को देख सकते/सकती हैं. आप इस बात से सहमत हैं कि आप इस एग्रीमेंट में बदलाव नहीं करेंगे/करेंगी. साथ ही, आप यह भी स्वीकार करते/करती हैं कि इस एग्रीमेंट में बदलाव करने का आपका कोई भी प्रयास अप्रभावी होगा.

अगर आप इस एग्रीमेंट में दी गई शर्तों से बंधने के लिए सहमत नहीं हैं, तो Business अकाउंट न बनाएं. अगर Remitly Business अकाउंट खोलने के बाद आप इस एग्रीमेंट को समाप्त करना चाहते/चाहती हैं, तो आप अपना Remitly Business अकाउंट बंद करके ऐसा कर सकते/सकती हैं. यह एग्रीमेंट कंज़्यूमर सर्विस पर लागू नहीं होता. अगर आप Remitly का इस्तेमाल सिर्फ़ व्यक्तिगत, पारिवारिक या घरेलू उद्देश्यों के लिए करने की योजना बना रहे/रही हैं, तो Business अकाउंट सेट अप न करें. अगर आप Remitly का इस्तेमाल कारोबारी और व्यक्तिगत, दोनों उद्देश्यों के लिए करना चाहते/चाहती हैं, तो आप ऐसी गतिविधियों को प्रबंधित करने के लिए कंज़्यूमर और बिज़नेस अकाउंट सेट अप कर सकते/सकती हैं. ज़्यादा जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें.

इस एग्रीमेंट को ध्यान से पढ़ें. इस एग्रीमेंट की शर्तें कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं.

1. इस एग्रीमेंट के बारे में जानकारी

परिभाषित शब्द. इस एग्रीमेंट में बड़े अक्षरों में लिखे शब्दों का एक खास मतलब है. उनकी परिभाषा इस एग्रीमेंट में स्पष्ट की गई है.

हम किन नियमों का पालन करते हैं. Remitly कनाडा में 'फ़ाइनेंशियल ट्रांजेक्शन रिपोर्ट्स एनालिसिस सेंटर ऑफ़ कनाडा' (FINTRAC) के साथ रजिस्टर किया गया है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर **M15481516** है. Remitly एक मनी सर्विस बिज़नेस के तौर पर रजिस्टर किया गया है और कनाडा में रहने वाले ग्राहकों को फ़ॉरेन करेंसी के लेन-देन और पैसे ट्रांसफ़र करने की सुविधा दे सकता है.

अन्य एग्रीमेंट और नीतियां, जिनका आपको पालन करना होगा: हमारे Business अकाउंट का इस्तेमाल करने का मतलब है कि आप हमारी (i) [<u>नजिती नीति</u>](https://www.remitly.com/ca/hi/home/policy) और (ii) [<u>कुकी नीति</u>](https://www.remitly.com/ca/hi/home/cookies#:~:text=These%20cookies%20record%20your%20visit,third%20parties%20for%20this%20purpo (जिन्हें सामूहिक रूप से "नीतियां" कहा जाता है) से बंधे रहने के लिए भी सहमत हैं.

आप इस बात से सहमत हैं कि आपको इलेक्ट्रॉनिक रूप में इस एग्रीमेंट की कॉपी, कोई भी अतिरिक्त शर्त, नीति, ज़रूरी खुलासे और अन्य सभी नोटिस, जानकारी या कम्युनिकेशन मिलेंगे, जिन्हें लागू कानून के तहत समय-समय पर आपके पास भेजना हमारे लिए ज़रूरी हो सकता है. आप अपने रिकॉर्ड और भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर इस्तेमाल के लिए, किसी भी इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन (जिसमें इस एग्रीमेंट की कॉपी भी शामिल है) की एक कॉपी अपने पास रखने के लिए सहमत हैं. कोई भी नोटिस या अन्य सूचना तब डिलीवर हुई मानी जाएगी, जब उसे आपके बताए गए या समय-समय पर अपडेट किए गए ईमेल पते पर ईमेल किया जाएगा.

सर्विस या इस एग्रीमेंट पर रोक, निलंबन या समाप्ति: Remitly के पास बिना किसी सूचना या ज़िम्मेदारी के मोबाइल ऐप्लिकेशन, वेबसाइट या सर्विस के सभी या किसी भी हिस्से के ऐक्सेस को समाप्त करने, सस्पेंड करने या उस पर रोक लगाने का अधिकार है. हालांकि, अगर आप QCPA के तहत 'ग्राहक' माने जाने वाले क्यूबेक के सोल प्रोपराइटर हैं, तो ऐसी स्थिति में हम लागू कानून के अनुसार इस एग्रीमेंट की समाप्ति की सूचना आपको देंगे.

योग्यता; Business अकाउंट का इस्तेमाल: Remitly Business अकाउंट खोलने या अपने Remitly Business अकाउंट का इस्तेमाल करने के लिए योग्य होने के लिए, ये योग्यताएं पूरी करनी पड़ सकती हैं:

- **उम्र और क्षमता.** किसी सेंडर के तौर पर सेवा का इस्तेमाल करने के लिए, आपकी उम्र कम से कम अठारह (18) साल होनी चाहिए और आप इस लायक हों कि इस एग्रीमेंट को पढ़ सकें और उस पर अपनी सहमित दें सकें. अन्य प्रतिबंध भी लागू हो सकते हैं;
- **कनाडा में निवास हो.** यह सर्विस फ़िलहाल कनाडा के कुछ प्रांतों के निवासियों के लिए उपलब्ध नहीं है. कृपया हमारी वेबसाइट को समय-समय पर देखते रहें, ताकि आपको पता चल सके कि आप जिस प्रांत में रहते/रहती हैं, उसे योग्य अधिकार-क्षेत्रों की सूची में शामिल किया गया है या नहीं.
- **ऑफ़र और स्वीकृति.** ट्रांजेक्शन सबमिट करने का मतलब है कि आप हमसे अपने ट्रांजेक्शन की प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध कर रहे/रही हैं. हम सिर्फ़ अपने विवेक पर इस ऑफ़र को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं.

हमारे Business सर्विस को ऐक्सेस करने के लिए, आपको Remitly के ज़रिए रजिस्टर करना होगा और Remitly की वेबसाइट पर या Remitly के मोबाइल ऐप्लिकेशन के ज़रिए Remitly Business अकाउंट सेट अप करना होगा. अगर आपने पहले से ऐसा नहीं किया है, तो Remitly Business अकाउंट खोलने के लिए आपको हमें अपना ईमेल पता देना होगा और पासवर्ड बनाना होगा. आपके बिज़नेस की जानकारी को सत्यापित करने के लिए हमें जो भी

ज़रूरी कदम उठाने होंगे, इसके बाद, आपको अपने Remitly Business अकाउंट का ऐक्सेस मिल जाएगा, जहां आप हमारे Business सर्विस का इस्तेमाल कर सकते/सकती हैं.

आपके पास अपने बिज़नेस को इस एग्रीमेंट से जोड़ने और इस सर्विस का इस्तेमाल करने का अधिकार होना चाहिए. हम किसी भी समय आपसे ऐसे प्राधिकार का प्रमाण मांग सकते हैं. अगर आप हमें अधिकार का ऐसा सबूत नहीं देते/देतीं जो हमें स्वीकार्य हो, तब हम आपके Remitly Business अकाउंट को बंद या निलंबित कर सकते हैं या आपको ऐक्सेस देने से मना कर सकते हैं.

आपका बिज़नेस आपके रजिस्ट्रेशन वाले अधिकार-क्षेत्र के कानूनों के तहत भी वैध और अच्छी स्थिति में होना चाहिए. हम किसी भी समय आपसे आपकी वैधता और अच्छी स्थिति का प्रमाण मांग सकते हैं. अगर आप हमें स्वीकार्य प्राधिकरण का प्रमाण नहीं देते/देतीं, तो हम Remitly Business अकाउंट को बंद या निलंबित कर सकते हैं या आपको ऐक्सेस देने से मना कर सकते हैं.

अकाउंट की सुरक्षा: आपका Remitly Business अकाउंट सिर्फ़ आपके बिज़नेस के लिए है. आपको हमारी Business सर्विस या अपने Business अकाउंट के ज़रिए ऐसे ट्रांजेक्शन करने की अनुमति नहीं है, जो बिज़नेस से जुड़े न हों. आपको अपने Business अकाउंट की जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए, जिसे इस अकाउंट का इस्तेमाल करने या आपके बिज़नेस की ओर से पैसे भेजने की अनुमति नहीं है. अगर आपको लगता है कि किसी अन्य व्यक्ति ने आपके Remitly Business अकाउंट को ऐक्सेस किया है, जिसे इसे ऐक्सेस नहीं करना चाहिए, तो आपको हमें जल्द से जल्द सूचित करना चाहिए. **कृपया यह भी ध्यान रखें कि हम कभी भी आपके Remitly Business अकाउंट का पासवर्ड नहीं पूछेंगे**. हम आपकी जानकारी कैसे इकट्ठा, स्टोर और शेयर करते हैं, इसकी जानकारी के लिए कृपया हमारी [<u>नजिता नीति</u>](https://www.remitly.com/ca/hi/home/policy) देखें.

शिकायतों, विवादों या अन्य मुद्दों के लिए हमसे कैसे संपर्क करें: हमें उम्मीद है कि आपको Remitly Business अकाउंट का इस्तेमाल करना पसंद आएगा. अगर हम आपकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते हैं, तो कृपया हमारे शिकायत पेज के ज़रिए हमसे संपर्क करें या 1-888-736-4859 (या +1 (206) 535-6152) पर कॉल करें, ताकि हम समस्या का समाधान करने की कोशिश कर सकें. अगर आप किसी भी समय हमारी Business सर्विस का इस्तेमाल बंद करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया अपना Business अकाउंट बंद करें या सहायता के लिए हमसे संपर्क करें.

2. Business अकाउंट का विवरण

Remitly Business अकाउंट रजिस्टर किए हुए उपयोगकर्ताओं को कनाडा से दूसरे देशों में इंटरनेशनल मनी ट्रांसफ़र करने की सुविधा देता है, जैसा कि आपके मोबाइल ऐप्लिकेशन में बताया गया है. हम अपने विवेक के आधार पर इस सूची को अपडेट कर सकते हैं और देशों को इसमें जोड़ या हटा सकते हैं. Remitly किसी भी समय, अस्थायी या स्थायी आधार पर, आपको सूचना दिए बिना, किसी भी देश में मनी ट्रांसफ़र की सुविधा बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

3. शुरुआत करना और हमारी Business सर्विस का इस्तेमाल करना

अकाउंट बनाना. सर्विस का इस्तेमाल करने के लिए, आपको एक Remitly Business अकाउंट बनाना होगा. आप सिर्फ़ Remitly की वेबसाइट पर या मोबाइल ऐप्लिकेशन के ज़रिए Remitly Business अकाउंट बना सकते/सकती हैं. Remitly Business अकाउंट बनाने और सर्विस का इस्तेमाल करने के लिए, आपको हमें अपने बिज़नेस के बारे में जानकारी देनी पड़ सकती है, जिसमें आपके बिज़नेस का नाम, बिज़नेस का पता, बिज़नेस करने का तरीका ("d/b/a") नाम, BN, स्थापना का अधिकार-क्षेत्र, बिज़नेस का विवरण और इकाई का प्रकार शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है. आपका Remitly Business अकाउंट हमें आपके बारे में कुछ जानकारी रिकॉर्ड करने की अनुमति देता है, जैसा कि हमारी [<u>नजिता नीति</u>](https://www.remitly.com/ca/hi/home/policy) में बताया गया है. आपसे अपने बिज़नेस के लाभकारी मालिक(मालिकों) और इसे नियंत्रित करने वाले व्यक्ति(व्यक्तियों) की जानकारी देने के लिए भी कहा जा सकता है, जिसमें उनका पूरा नाम, पता और जन्मतिथि शामिल है. **अगर ऐसी जानकारी बदलती है, तो आपको अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए ग्राहक सेवा से संपर्क करना होगा.**

Remitly Business अकाउंट बनाने के लिए, यह आपकी ज़िम्मेदारी है कि आप ये काम करें:

- हमारे अनुरोध के अनुसार हमें पूर्ण, सटीक और सही जानकारी प्रदान करें. आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी का इस्तेमाल हम यह निर्धारित करने के लिए भी करेंगे कि क्या आप हमारी सेवा का इस्तेमाल करने के योग्य हैं;
- सुरक्षा क्रेडेंशियल बनाएं, जैसे पासवर्ड या व्यक्तिगत पहचान संख्या, जिसे Remitly आवश्यक समझे ("सुरक्षा क्रेडेंशियल") और/या हमारा मोबाइल ऐप्लिकेशन डाउनलोड करना;

सर्विस के माध्यम से भुगतान करने के लिए उपयुक्त होने पर, आपको हमें अपने भुगतान के साधनों जैसे कि आपके

बैंक अकाउंट या डेबिट या क्रेडिट कार्ड (सामूहिक रूप से, "भुगतान के साधन") के बारे में जानकारी भी प्रदान करनी होगी. जब आप सर्विस का इस्तेमाल करने के उद्देश्य से हमें अपने भुगतान के साधन के बारे में जानकारी प्रदान करते/करती हैं, तब आप इस बात के लिए सहमति देते/देती हैं कि Remitly उस जानकारी को फ़ंड ट्रांसफ़र के लिए इस्तेमाल करने हेतु अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित रखे. इसके अलावा, आप यह पुष्टि करते/करती हैं और आश्वासन देते/देती हैं कि:

- भुगतान का हर साधन वैध है, इसकी वैधता समाप्त नहीं हुई है और यह अन्यथा अच्छी स्थिति में है
- आप भुगतान के हर साधन के अधिकृत और वैध उपयोगकर्ता हैं;
- आपके द्वारा सर्विस के माध्यम से किया गया हर ट्रांजेक्शन का अनुरोध इस एग्रीमेंट और लागू कानूनों, विनियमों और नियमों का अनुपालन करता है; और
- आप कोई अन्य कार्रवाई करेंगे/करेंगी, जिसकी हमें या हमारे तीसरे पक्ष के सेवा प्रदाताओं (नीचे परिभाषित) को, सर्विस को ऐक्सेस करने और उसका इस्तेमाल करने के लिए आपसे उचित रूप से आवश्यकता हो सकती है.

आपके Remitly Business अकाउंट की सुरक्षा. आप अपने सुरक्षा क्रेडेंशियल्स की सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार हैं. आप अपने पासवर्ड या Remitly Business अकाउंट के किसी भी अनधिकृत इस्तेमाल या किसी अन्य सुरक्षा उल्लंघन के बारे में हमारे सहायता केंद्र के माध्यम से हमसे संपर्क करके हमें तुरंत सूचित करेंगे/करेंगी.

नियंत्रित करने वाला व्यक्ति; आपके बिज़नेस की ओर से काम करने का अधिकार; अधिकृत उपयोगकर्ता. आप पुष्टि करते/करती हैं कि आप इस बिज़नेस को नियंत्रित करते/करती हैं. जब हम नियंत्रित करने वाले व्यक्ति का उल्लेख करते हैं, तो हमारा मतलब होता है कि आप इस बिज़नेस के प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभाने वाले/वाली व्यक्ति हैं.

आप पुष्टि करते/करती हैं कि आप या आपके द्वारा इस अकाउंट का इस्तेमाल करने के लिए अनुमोदित व्यक्ति ही इस बिज़नेस की ओर से इस अकाउंट के एकमात्र उपयोगकर्ता होंगे. आप पुष्टि करते/करती हैं कि आपके पास उस बिज़नेस को बाध्य करने का अधिकार है, जिसकी ओर से आप हमारी सेवा का इस्तेमाल करते/करती हैं, और बिज़नेस इस एग्रीमेंट की शर्तों को स्वीकार करता है. हम किसी भी समय आपसे ऐसे प्राधिकार का प्रमाण मांग सकते हैं.

आप अपने Business अकाउंट के अंतर्गत होने वाली सभी गतिविधियों के लिए ज़िम्मेदार हैं. अपने Remitly

Business अकाउंट को ऐक्सेस करने की अनुमति देने से आप इस एग्रीमेंट के तहत अपनी ज़िम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो जाते/जाती हैं, जिसमें हमें सूचित करना भी शामिल है कि क्या आपके Remitly Business अकाउंट से छेड़छाड़ की गई है या अगर किसी ट्रांजेक्शन के गलत या अनधिकृत होने का संदेह है.

आपको हमारी सर्विस का इस्तेमाल सिर्फ़ अपने बिज़नेस के लिए ही करना चाहिए. आपको किसी अन्य बिज़नेस की ओर से या अपनी व्यक्तिगत क्षमता में Remitly Business अकाउंट नहीं बनाना चाहिए और कोई ट्रांजेक्शन सबमिट नहीं करना चाहिए. यह सर्विस सिर्फ़ वैध कारोबारों के लिए उपलब्ध कराई गई है, अर्थात कारोबारी ग्राहकों द्वारा उनकी कॉर्पोरेट या वाणिज्यिक क्षमता में इस्तेमाल के लिए. किसी अन्य उद्देश्य के लिए हमारी सर्विस का इस्तेमाल करने का मतलब है कि आप इस एग्रीमेंट का उल्लंघन कर रहे/रही हैं. हम आपके Remitly Business अकाउंट को समाप्त करने, आपको हमारी सर्विस देने से रोकने या निलंबित करने या अन्यथा किसी भी समय आपके प्रति उत्तरदायित्व के बिना हमारी सर्विस के आपके इस्तेमाल को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

4. इनवॉइस बनाना और मैनेज करना

a\. Remitly अपने विवेक के आधार पर, इस सर्विस के ज़रिए आपके लिए इनवॉइस बना सकता है और उससे जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध करा सकता है. इन सुविधाओं के उपलब्ध होने की कोई गारंटी नहीं है और Remitly बिना किसी ज़िम्मेदारी के, किसी भी समय ऐसी किसी भी सुविधा को पूरी तरह या आंशिक रूप से सीमित कर सकता है, उसमें बदलाव कर सकता है या उसे बंद कर सकता है. जहां हमारी सर्विस उपलब्ध हो, आप वहां सर्विस के ज़रिए इनवॉइस बना सकते/सकती हैं.

b\. आप अपने इनवॉइस भेजने और ट्रैक करने के लिए हमारी सर्विस का इस्तेमाल कर सकते/सकती हैं. Remitly ये सुविधाएं सिर्फ़ सॉफ़्टवेयर टूल के तौर पर उपलब्ध कराता है और इनवॉइसिंग, बिलिंग, टैक्स या नियमों के पालन के लिए आपके एजेंट के तौर पर काम नहीं करता है. सर्विस के इन फ़ीचर्स का इस्तेमाल करके, आप यह बताते/बताती और गारंटी देते/देती हैं कि आपके पास अपने ग्राहक को इनवॉइस और रिमाइंडर भेजने के लिए ज़रूरी सभी अधिकार और मंज़ूरी हैं और आपके इनवॉइस पर दी गई सारी जानकारी पूरी और सही है. साथ ही, लागू एग्रीमेंट और कानून के अनुसार है.

c\. Remitly इनवॉइसिंग सुविधा के ज़रिए टैक्स, कानूनी या अनुपालन संबंधी कोई सलाह नहीं देता है. इस सर्विस का इस्तेमाल करके आपके द्वारा भेजे गए किसी भी इनवॉइस या रिमाइंडर के लिए Remitly ज़िम्मेदार नहीं है, जिसमें गलत जगह भेजे गए या नहीं मिलने वाले इनवॉइस या रिमाइंडर भी शामिल हैं. Remitly इस सर्विस के ज़रिए बनाए गए और/या भेजे गए इनवॉइस से जुड़े ट्रांजेक्शन से संबंधी कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेता है और इससे जुड़े किसी भी

विवाद को सुलझाने की ज़िम्मेदारी आपकी है.

d\. Remitly यह नहीं बताता या वारंटी नहीं देता कि सर्विस के ज़रिए बनाया गया कोई भी इनवॉइस आप पर या आपके बिज़नेस पर लागू होने वाले किसी भी कानून, विनियम या शर्त का पालन करता है, जिसमें ज़रूरी कॉन्टेंट, फ़ॉर्मेट या डिलीवरी का तरीका शामिल हैं. यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी पूरी तरह से आपकी है कि आपके इनवॉइस सभी लागू कानूनी और विनियामक ज़रूरतों को पूरा करते हैं.

5. सर्विस के लिए भुगतान करना

1. शुल्क. आपके द्वारा कोई भी ट्रांजेक्शन सबमिट किए जाने का मतलब है कि आप हमें ट्रांजेक्शन की रकम के साथ एक सर्विस फ़ीस ("सर्विस फ़ीस") देने के लिए सहमत हैं.

ट्रांसफ़र प्रोसेस करने के लिए ट्रांजेक्शन सबमिट करते समय कनाडाई डॉलर में भुगतान करना होता है. अगर आपके द्वारा सबमिट किए गए किसी ट्रांजेक्शन की वजह से हमें NSF फ़ीस, चार्जबैक फ़ीस या ऐसी ही कोई अन्य फ़ीस चुकानी पड़े, तो इसका मतलब है कि आप Remitly को इस तरह की हर फ़ीस की भरपाई करने के लिए सहमत हैं.

2. भुगतान. आपके ट्रांजेक्शन को प्रोसेस करने के लिए, आप हमें अपनी भुगतान प्रोफ़ाइल में शामिल भुगतान के किसी भी साधन ("भुगतान के साधन" में कोई भी क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या बैंक अकाउंट शामिल है) पर शुल्क लगाने के लिए अधिकृत करते/करती हैं. भुगतान न हो पाने पर, आप हमें भुगतान के उसी साधन का इस्तेमाल करके एक या एक से ज़्यादा बार फिर से कोशिश करने का अधिकार देते/देती हैं. आप गारंटी देते/देती हैं कि आप भुगतान के साधन(साधनों) के अधिकृत और कानून-सम्मत उपयोगकर्ता हैं.

3. अन्य शुल्क. हम आपके भुगतान के साधनों से जुड़े वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाई जा सकने वाली फ़ीस के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं. उदाहरण के लिए, कुछ क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता सर्विस का इस्तेमाल करने के लिए आपके क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल को "कैश एडवांस" मान सकते हैं और ट्रांजेक्शन के लिए अतिरिक्त फ़ीस या शुल्क वसूल सकते हैं. Remitly किसी भी अपर्याप्त फ़ंड (NSF) की फ़ीस, चार्जबैक फ़ीस या अन्य, समान शुल्क के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, जो आपके बैंक, क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता या अन्य प्रदाता द्वारा आप पर लगाया जा सकता है.

6. पहले से अधिकृत डेबिट की अनुमति

1. पहले से अधिकृत डेबिट (“PAD”). अपने अकाउंट की भुगतान प्रोफ़ाइल में भुगतान के तरीके के तौर पर अपना बैंक अकाउंट नंबर और उससे जुड़ी जानकारी दर्ज करके, आप हमें सर्विस के इस्तेमाल से जुड़े शुल्क के लिए आपके भुगतान के साधन से पैसे काटने की अनुमति देते/देती हैं.

पेमेंट्स कनाडा के नियमों (“नियम”) के अनुसार, हम कभी-कभार होने वाले किसी भी डेबिट के लिए आपकी मंज़ूरी लेंगे. इसके लिए, आप यह मानते/मानती हैं कि किसी ट्रांजेक्शन के लिए आपके निर्देश और सर्विस का आपका इस्तेमाल, हमारे लिए इस बात की वैध मंज़ूरी होगी कि हम आपके भुगतान के साधन से उन तारीखों पर रकम डेबिट कर सकें, जब वह रकम देय हो (या अगर वह तारीख वीकेंड या सरकारी छुट्टी के दिन पड़ती है, तो अगले कारोबारी दिन).

यह PAD ऑथराइज़ेशन (“ऑथराइज़ेशन”) आपके भुगतान के साधन से पैसे काटने के लिए Remitly को दी गई आपकी सहमति और मंज़ूरी है. यह उस तारीख से लागू होता है, जब आप Remitly को अपने भुगतान के साधन की जानकारी देते/देती हैं. आप स्वीकार करते/करती हैं कि यह आपके बिज़नेस से संबंधित सामान या सर्विस के भुगतान के लिए जारी किया गया एक बिज़नेस PAD है. आप हमें लगातार यह बताते रहेंगे/रहेंगी और गारंटी देते/देती हैं कि (i) आपके भुगतान के साधान के तौर पर तय किया गया बैंक अकाउंट आपके नाम पर है; (ii) अपने फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के साथ बैंक अकाउंट एग्रीमेंट की शर्तों के तहत, आप बैंक अकाउंट पर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता हैं, जो इस ऑथराइज़ेशन के तहत डेबिट की मंज़ूरी दे सकते/सकती हैं; (iii) वे सभी लोग जिनकी सहमति से भुगतान के साधन से रकम डेबिट की जानी है, वे इस ऑथराइज़ेशन की शर्तों से सहमत हैं और (iv) आपके द्वारा भुगतान के साधान की दी गई जानकारी सही और पूरी है. यह ऑथराइज़ेशन आपकी भुगतान प्रोफ़ाइल में शामिल भुगतान के किसी भी साधान पर लागू होगी.

आप इस बात से सहमत हैं कि अपने भुगतान के साधन में हुए किसी भी बदलाव के बारे में हमें तुरंत सूचित करेंगे और/या भुगतान का ऐसा कोई नया साधन उपलब्ध कराएंगे, जो हमें स्वीकार्य हो और जिसके ज़रिए आप हमें देय रकम का भुगतान करने के लिए अधिकृत करते/करती हों. अगर आपके भुगतान के साधान से कोई भुगतान प्रोसेस करने में हमसे कोई गलती हो जाती है, तो आप हमें नियमों के अनुसार उस गलती को ठीक करने के लिए आपके भुगतान के साधन पर सही डेबिट या क्रेडिट शुरू करने की अनुमति देते/देती हैं.

2. भुगतान के साधन से डेबिट. आप मानते/मानती हैं कि यह ऑथराइज़ेशन Remitly और आपके फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन (“फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन”) के फ़ायदे के लिए उपलब्ध कराया गया है और यह इस बात के बदले में उपलब्ध कराया गया है कि आपका फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन नियमों के अनुसार आपके भुगतान के साधन से सारे डेबिट को प्रोसेस करने के लिए सहमत है. यह ऑथराइज़ेशन सिर्फ़ भुगतान के तरीके पर लागू होता है

और इसके अलावा, इस एग्रीमेंट या इससे जुड़े एग्रीमेंट्स के तहत हमारे प्रति आपकी ज़िम्मेदारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है.

3. ऑथराइज़ेशन और प्री-नोटिफ़िकेशन से छूट. आप हमें सर्विस के इस्तेमाल के लिए समय-समय पर देय सभी रकम (जिसमें ट्रांजेक्शन की रकम और कोई भी सर्विस फ़ीस शामिल है) के लिए अपने भुगतान के साधान से डेबिट करने की अनुमति देते/देती हैं. **दरअसल, सर्विस के लिए भुगतान की रकम अलग-अलग हो सकती है, इसलिए आप किसी भी भुगतान की रकम, डेबिट होने की तारीखों और रकम या भुगतान की तारीखों में भविष्य में होने वाले किसी भी बदलाव का प्री-नोटिफ़िकेशन पाने के अधिकार को छोड़ने के लिए सहमत हैं. आप इस बात से भी सहमत हैं कि पहले PAD के बाद 5 कैलेंडर दिनों के भीतर आपको कन्फ़र्मेशन दिया जाएगा.**

4. कैंसिलेशन. यह ऑथराइज़ेशन तब तक पूरी तरह लागू रहेगा, जब तक हमें आपसे इसे खत्म करने की लिखित सूचना नहीं मिल जाती. यह सूचना ऐसे समय और इस तरह से दी जानी चाहिए कि हमें उस पर कार्रवाई करने का उचित मौका मिल सके. आप अपना Remitly Business अकाउंट बंद करके किसी भी समय इस ऑथराइज़ेशन को कैंसिल कर सकते/सकती हैं. आप अपने फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से संपर्क करके या [<u>www.cdnpay.ca</u>](http://www.cdnpay.ca/) पर जाकर, कैंसिलेशन फ़ॉर्म का सैंपल या इस PAD एग्रीमेंट को कैंसिल करने के अपने अधिकारों के बारे में और जानकारी हासिल कर सकते/सकती हैं. आप स्वीकार करते/करती हैं कि इस ऑथराइज़ेशन को कैंसिल करने से यह एग्रीमेंट खत्म नहीं होता है और न ही आप हमें कुल देय रकम का भुगतान हमारे लिए संतोषजनक भुगतान के तरीके से करने की अपनी ज़िम्मेदारी से मुक्त होते/होती हैं.

5. डिलीवरी. आप यह स्वीकार करते/करती हैं कि हमें यह ऑथराइज़ेशन देने का मतलब है कि आपने यह ऑथराइज़ेशन अपने फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन को दे दिया है. आप समझते/समझती हैं कि आपके फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन के लिए यह सत्यापित करना ज़रूरी नहीं है कि हमारे द्वारा सबमिट किया गया प्रत्येक PAD इस ऑथराइज़ेशन के अनुसार जारी किया गया है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ रकम भी शामिल है, लेकिन इसी तक सीमित नहीं है या यह कि जिस मकसद के लिए PAD सबमिट किया गया था, वह हमारे द्वारा पूरा किया गया है, ताकि आपके भुगतान के साधन के ज़रिए PAD का भुगतान किया जा सके. आप ईमेल के ज़रिए इस PAD ऑथराइज़ेशन का कन्फ़र्मेशन पाने के लिए सहमत हैं.

6. उपाय. अगर कोई डेबिट इस एग्रीमेंट के अनुरूप नहीं किया जाता है, तो आपके पास कुछ अधिकार हैं जिनके तहत आप कार्रवाई कर सकते/सकती हैं. उदाहरण के लिए, आपको किसी ऐसे डेबिट के लिए पैसे वापस पाने का अधिकार है, जो अधिकृत नहीं है या इस PAD एग्रीमेंट के अनुसार नहीं है. अपने कानूनी उपायों के अधिकार के बारे में ज़्यादा जानकारी पाने के लिए, आप अपने फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन से संपर्क कर सकते/सकती हैं या [<u>www.cdnpay.ca</u>](http://www.cdnpay.ca/) पर जा सकते/सकती हैं.

रकम वापस पाने के लिए, आप यह स्वीकार करते/करती हैं कि जिस तारीख को विवादित PAD भुगतान के साधन पर पोस्ट किया गया था, उसके 10 दिनों के भीतर एक घोषणा-पत्र भरकर उस फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन को देना

होगा जिसने भुगतान का साधन जारी किया है. आप स्वीकार करते/करती हैं कि 10 दिनों के बाद, PAD से जुड़ा कोई भी विवाद सिर्फ़ आपके और Remitly के बीच सुलझाया जाने वाला मामला होगा.

संपर्क. अगर इस ऑथराइज़ेशन के बारे में आपका कोई सवाल है, तो कृपया हमसे [<u>ग्राहक सेवा</u>] (https://www.remitly.com/home/contact) के ज़रिए इन तरीकों से संपर्क करें; फ़ोन नंबर 1-888-736-4859 (या 1 (206) 535-6152) पर कॉल करके; या इस पते पर मेल करके: Remitly Canada, Inc., attn: Customer Service (Canada), 401 Union Street, Suite 1000, Seattle WA 98101, USA.

7. स्वीकार्य उपयोग

यह सेक्शन उन शर्तों को निर्धारित करता है, जिनके तहत आप हमारी सर्विस का इस्तेमाल कर सकते/सकती हैं और यह आपके द्वारा Business अकाउंट को ऐक्सेस करने और/या उसका इस्तेमाल करने पर लागू होता है.

a. अनुपालन: आप हमारी सर्विस का इस्तेमाल सिर्फ़ वैध उद्देश्यों के लिए कर सकते/सकती हैं. आप सभी लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करते हुए सर्विस का इस्तेमाल करने के लिए सहमत हैं. हमारी सर्विस का इन तरीकों से इस्तेमाल करने की अनुमति आपको नहीं है:

- किसी भी लागू स्थानीय, प्रांतीय, क्षेत्रीय, संघीय या अंतर्राष्ट्रीय कानून या विनियमन का उल्लंघन करना या इसके कारण Remitly का किसी भी लागू कानून या विनियम का उल्लंघन करना;
- अगर आपकी गतिविधि गैरकानूनी या धोखाधड़ीपूर्ण है या इसका कोई गैरकानूनी या धोखाधड़ीपूर्ण उद्देश्य या प्रभाव है;
- अगर आपका मकसद किसी भी तरह से नाबालिगों को नुकसान पहुंचाने या नुकसान पहुंचाने को कोशिश करना है;
- ऐसी किसी भी चीज़ के लिए जो अपमानजनक, हानिकारक हो, या हमारे सामग्री मानकों का अनुपालन न करती हो;
- किसी भी अनचाहे या अनधिकृत विज्ञापन, प्रचार सामग्री या स्पैम के किसी अन्य रूप के लिए;
- वायरस, स्पाइवेयर या ऐसे ही कंप्यूटर कोड जैसे हानिकारक प्रोग्राम के साथ काम करने के लिए, जिन्हें किसी कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर या हार्डवेयर के कामकाज पर बुरा असर डालने के लिए बनाया गया हो;
- किसी भी तरह से स्थानीय, प्रांतीय, क्षेत्रीय, संघीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लागू टैक्स से बचने या टैक्स

चोरी में मदद करने के लिए.

b. प्रतिबंधित गतिविधियां:आप गैर-कानूनी ट्रांजेक्शन, जैसे मनी लॉन्ड्रिंग, गैर-कानूनी जुआ, धोखाधड़ी या आतंकवादी गतिविधियों को फ़ंड देने के लिए सर्विस का इस्तेमाल नहीं करेंगे/करेंगी. आप इस बात पर भी सहमत हैं कि आप सर्विस का इस्तेमाल ऐसे तरीके से नहीं करेंगे/करेंगी जिससे हमारी प्रणालियों या सुरक्षा को नुकसान पहुंचे, वे अक्षम हो जाएं, उन पर अत्यधिक बोझ पड़े या वे खराब हो जाएं.

इस एग्रीमेंट में, आप पुष्टि करते/करती हैं कि आप: 1) कानून द्वारा प्रतिबंधित मामलों को छोड़कर, इस सेक्शन में नीचे बताए गए बिज़नेस या कारोबारी गतिविधियों के संबंध में हमारी सर्विस का किसी भी तरह से इस्तेमाल नहीं करेंगे/करेंगी; और 2) ऐसे प्राप्तकर्ता को पैसे नहीं भेजेंगे/भेजेंगी, जिसने इस एग्रीमेंट या [<u>Remitly उपयोगकर्ता एग्रीमेंट का उल्लंघन किया हो.</u>](https://www.remitly.com/ca/hi/home/agreement)हालांकि, यह सूची उदाहरण के तौर पर दी गई है, लेकिन यह पूरी सूची नहीं है और हम अपनी मर्ज़ी से उन ग्राहकों के लिए अपनी सर्विस को सस्पेंड करने, सीमित करने या मना करने और/या आपका अकाउंट बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, जिनके बारे में हमें लगता है कि उन्होंने इस सेक्शन या इस एग्रीमेंट के किसी भी हिस्से का उल्लंघन किया है या जो हमारी जोखिम सहने की सीमा से ज़्यादा जोखिम पैदा करते हैं.

- वयस्कों के मनोरंजन के लिए परोसे जाने वाले उत्पाद या सर्विस (किसी भी माध्यम में, जिसमें इंटरनेट, टेलीफ़ोन या प्रिंटेड सामग्री शामिल है);
- शराब का बिज़नेस;
- तम्बाकू उत्पाद;
- भांग;
- कुछ नियंत्रित पदार्थ या अन्य उत्पाद, जो उपभोक्ता सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करते हैं;
- नशीले पदार्थ;
- फ़ार्मास्यूटिकल्स;
- रसायन;
- नकली या अनधिकृत सामान (जैसे, डिजाइनर और/या ब्रांड उत्पादों की अनधिकृत बिक्री);
- जुआ;
- बौद्धिक संपदा या मालिकाना अधिकार का उल्लंघन;
- ऐसे उत्पाद और सर्विस, जो उस क्षेत्राधिकार में वैध नहीं हैं, जहां उन्हें पेश किया जा रहा है;

- आग्नेयास्त्र, आग्नेयास्त्र के पुर्ज़े, गोला-बारूद, हथियार या अन्य उपकरण जो शारीर को नुकसान पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किए गए हों;
- प्रतिबंधित और/या लुप्तप्राय पशु प्रजातियों और उनसे प्राप्त उत्पादों का व्यापार;
- क्राउडफंडिंग या दान-आधारित सेवा;
- क्रेडिट काउंसलिंग या क्रेडिट रिपेयर एजेंसियां;
- क्रेडिट सुरक्षा या पहचान की चोरी से सुरक्षा देने वाली सर्विस;
- दिवालिया संबंधी मामलों के वकील या ऋण वसूली एजेंसियां जो ऋण वसूली में लगी हुई हैं;
- क्रिप्टोकरेंसी या किसी अन्य वर्चुअल करेंसी के आदान-प्रदान या व्यापार में शामिल कंपनियां;
- एस्क्रो सर्विस;
- फ़ाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन और फ़ाइनेंशियल प्रोडक्ट, सर्विस और सिक्योरिटीज़, जिनमें भुगतान की सुविधा देने वाले, मनी सर्विस बिज़नेस, पीयर-टू-पीयर ट्रांजेक्शन, प्रीपेड कार्ड, चेक, बीमा या अन्य वित्तीय उत्पाद या सेवाएं शामिल हैं;
- उम्र की पाबंदी वाले उत्पादों (जैसे, तंबाकू) का इंटरनेट/मेल/टेलीफ़ोन के ज़रिए ऑर्डर;
- मल्टी-लेवल मार्केटिंग बिज़नेस, पिरामिड स्कीम और रेफ़रल मार्केटिंग;
- टेलीमार्केटिंग बिक्री सहित उच्च जोखिम वाले उत्पाद और सर्विस;
- रियल एस्टेट ट्रांजेक्शन और सर्विस.

c. सूचना की सटीकता: आप अपने और अपने ट्रांजेक्शन के बारे में सटीक, मौजूदा और पूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए सहमत हैं, और इसे सटीक, मौजूदा और पूर्ण रखने के लिए सभी सूचनाओं को तुरंत अपडेट करते/करती हैं.

d. इस सेक्शन में बदलाव: हम इस एग्रीमेंट में दिए गए बदलाव के प्रावधानों के अनुसार किसी भी समय इस सेक्शन में बदलाव कर सकते हैं. हमारा सुझाव है कि इस पेज को नियमित रूप से देखते रहें, क्योंकि यह कानूनी रूप से आपके लिए बाध्यकारी है.

8. अनुपालन और सत्यापन

a. KYB सूचना: आपको KYB अनुपालन के लिए आवश्यक सटीक और पूर्ण जानकारी उपलब्ध करानी होगी और इस सूचना में किसी भी बदलाव को तुरंत अपडेट करना होगा.

b. अनुपालन समीक्षा: हम इस एग्रीमेंट और लागू कानूनों के प्रति आपके अनुपालन को सत्यापित करने के लिए अनुपालन की समीक्षा करने और ऑडिट करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

9. हम व्यक्तिगत जानकारी कैसे और क्यों इकट्ठा करते हैं

1. a.नजिता नीति. इस 'एग्रीमेंट' से सहमत होने का मतलब है कि आपको [<u>Remitly की निजता नीति</u>](https://www.remitly.com/ca/hi/home/policy) स्वीकार है और आप इससे सहमत हैं.

2. ग्राहक पहचान कार्यक्रम. कनाडा के कानून के अनुसार, आपके बारे में जानकारी इकट्ठा करना, उसका सत्यापन करना और उसे रिकॉर्ड करना हमारे लिए ज़रूरी है. हो सकता है कि आपको हमें अपनी निजी जानकारी देने की ज़रूरत पड़े. आप हमें उस जानकारी की पुष्टि करने के लिए अधिकृत करते/करती हैं, जिसे आप हमें देते/देती हैं; इसमें कनाडा की क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों से मिली क्रेडिट रिपोर्ट की जानकारी का रेफ़रेंस लेना या आपकी क्रेडिट फ़ाइल के अस्तित्व या उसकी अवधि के बारे में ऐसी एजेंसियों से संपर्क करना शामिल है. जहां हमारे लिए कानूनी रूप से जरूरी होगा, हम अन्य स्रोतों से भी आपके बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं. इस जानकारी में गैर-व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी भी शामिल है, जिसे हम आपके द्वारा इस वेबसाइट पर आने के दौरान हासिल कर सकते हैं.

ज़्यादा जानकारी के लिए, कृपया हमारी [<u>नजिता नीति</u>](https://www.remitly.com/ca/hi/home/policy) देखें.

3. सरकार के समक्ष खुलासा.अपनी जिनता नीति के मुताबिक, हम आपके और आपके ट्रांजेक्शन के बारे में सरकारी अधिकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जानकारी दे सकते हैं.

4. जानकारी का सत्यापन. आप हमें यह सहमति और अधिकार देते/देती हैं कि हम आपसे या दूसरों से ऐसी कोई भी पूछताछ कर सकें, जो आपके द्वारा हमें दी गई जानकारी की पुष्टि करने के लिए ज़रूरी हो. इसमें आपसे अतिरिक्त जानकारी मांगना, आपसे अपने ईमेल पते या वित्तीय साधनों के स्वामित्व का सत्यापन करने के लिए कहना, तीसरे पक्ष के डेटाबेस में या अन्य स्रोतों के माध्यम से आपकी जानकारी का सत्यापन करना शामिल हो सकता है.

5. व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस करना. Remitly, एग्रीमेंट के तहत अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने और अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए, अमेरिका और दूसरे अंतरराष्ट्रीय अधिकार-क्षेत्रों में व्यक्तिगत डेटा को ट्रांसफ़र और स्टोर करता है. ऐसे अन्य अंतरराष्ट्रीय क्षेत्राधिकारों के लागू गोपनीयता कानून, कनाडा के लागू

गोपनीयता कानूनों से अलग हो सकते हैं.

10. बौद्धिक संपदा

आप इस बात को स्वीकार करते/करती हैं कि इस सर्विस—जिसमें इस वेबसाइट का कॉन्टेंट, टेक्स्ट, जानकारी, डेटा, ग्राफ़िक्स, लोगो और इमेज शामिल हैं, साथ ही Remitly के सभी कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ट्रेड नेम, लोगो, प्रोडक्ट और सर्विस के नाम और अन्य सभी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स—पर पूरी तरह से Remitly Canada, Inc. और उसकी सहयोगी कंपनियों या लाइसेंस देने वालों का अधिकार है (इसे "Remitly की बौद्धिक संपदा" कहा जाएगा). आप Remitly की बौद्धिक संपदा का किसी भी तरीके से प्रदर्शन नहीं करने, इस्तेमाल नहीं करने, उसकी नकल नहीं बनाने, नहीं बेचने, उसका खुलासा नहीं करने या उसमें बदलाव नहीं करने के लिए सहमत हैं. आप सिर्फ़ अपने व्यक्तिगत, गैर-कारोबारी इस्तेमाल के लिए इस वेबसाइट के पेज देखने और उनकी कॉपी बनाने के लिए अधिकृत हैं. इसके आलावा, आप इस बात से भी सहमत हैं कि आप: (i) सर्विस का इस्तेमाल करने के लिए किसी रोबोट, स्पाइडर, स्क्रैपर, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस या किसी अन्य ऑटोमेटेड डिवाइस का इस्तेमाल नहीं करेंगे/करेंगी; (ii) इस वेबसाइट (या इसके प्रिंट किए गए पेजों) पर दिखाए गए किसी भी कॉपीराइट, ट्रेडमार्क या अन्य मालिकाना हक वाले नोटिस या जानकारी को हटाएंगे/हटाएंगी या बदलेंगे/बदलेंगी नहीं; या (iii) इस एग्रीमेंट के खत्म होने या इसकी अवधि पूरी होने के बाद भी, Remitly की बौद्धिक संपदा या Remitly, उसकी सहयोगी कंपनियों या किसी तीसरे पक्ष के कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट या अन्य बैद्धिक संपदा अधिकारों या पब्लिसिटी या प्राइवेसी के अधिकारों का किसी भी तरह से उल्लंघन नहीं करेंगे/करेंगी या चुनौती नहीं देंगे/देंगी.

अगर आप हमारी सर्विस से जुड़ा कोई सुझाव, फ़ीडबैक, रिव्यू या इनपुट देते/देती हैं — चाहे वह मौखिक, इलेक्ट्रॉनिक, लिखित या किसी अन्य रूप में ("कस्टमर इनपुट") हो, तो आपकी उस कस्टमर इनपुट में और उस कस्टमर इनपुट पर पूरा अधिकार, स्वामित्व और हित हमारा (और हमारी कॉर्पोरेट समूह इकाइयों का) होगा, भले ही आपने इनपुट देते समय उसे गोपनीय के तौर पर मार्क किया हो. हम और हमारी कॉर्पोरेट समूह इकाइयां बिना किसी प्रतिबंध के कस्टमर इनपुट का इस्तेमाल करने की हकदार होंगी, जिसमें मार्केटिंग या कोरोबारी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल भी शामिल है. आप इसके ज़रिए हमें कस्टमर इनपुट (और Remitly की कोई भी ऐसी बैद्धिक संपदा जिसके अधिकार आपको कानूनी या किसी और तरीके से मिले हों) से जुड़े सभी अधिकार, मालिकाना हक और हित सौंपते/सौंपती हैं और हमें सौंपने के लिए सहमत होते/होती हैं. साथ ही, इनसे जुड़े सभी नैतिक और अन्य ऐसे अधिकारों को छोड़ने के लिए भी सहमत होते/होती हैं, जिन्हें किसी और को नहीं सौंपा जा सकता. आप हमें कस्टमर इनपुट और Remitly बौद्धिक संपदा में हमारे अधिकारों का दस्तावेज़ बनाने, उन्हें सही करने, बचाने, लागू करने और बनाए रखने के लिए आवश्यक कोई भी सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी सहमत हैं. इस मकसद के लिए "असाइन" शब्द एक कानूनी शब्द है, जिसका मतलब है कानूनी तौर पर किसी फ़ायदे को ट्रांसफ़र करना; जैसे कि आप कस्टमर इनपुट से मिलने वाले फ़ायदों को कानूनी तौर पर हमें ट्रांसफ़र कर रहे/रही हैं.

11. वारंटी के बारे में खंडन

हम यह पक्का करने की उचित कोशिश करते हैं कि ट्रांजेक्शन समय पर पूरे हों, लेकिन हम प्रोसेसिंग में लगने वाले समय के बारे में कोई दावा, वारंटी या शर्त (चाहे साफ़ तौर पर बताई गई हो या छिपी हुई हों) नहीं देते हैं, क्योंकि यह सर्विस हमारे कंट्रोल से बाहर के कई कारकों पर निर्भर करती है.

यहां साफ़ तौर पर बताए गए प्रावधानों और लागू कानून के तहत पूरी तरह से अनुमति प्राप्त सीमा को छोड़कर, यह सर्विस आपको "जैसी है, वैसी" के आधार पर बिना किसी वारंटी के दी जाती है. Remitly साफ़ तौर पर अन्य सभी दावों, वारंटी और शर्तों (चाहे साफ़ तौर पर बताई गई हों या छिपी हुई हों) को अस्वीकार करता है, जिसमें बिना किसी सीमा के, बिक्री-योग्यता या किसी खास मकसद के लिए उपयुक्तता का कोई दावा, वारंटी या शर्त या लेन-देन, परफ़ॉर्मेंस या व्यापार के चलन से उत्पन्न कोई वारंटी शामिल है. सर्विस के आपके इस्तेमाल से उत्पन्न किसी भी दावे के लिए आपका एकमात्र और विशेष उपाय, और आपके या किसी तीसरे पक्ष के प्रति Remitly की एकमात्र ज़िम्मेदारी यह है कि आप किसी भी समय सर्विस का इस्तेमाल बंद करने के लिए स्वतंत्र हैं.

कुछ अधिकार-क्षेत्र छिपी हुई वारंटी को अस्वीकार करने की अनुमति नहीं देते हैं, इसलिए ऊपर बताया गया अस्वीकरण आप पर लागू नहीं हो सकता है. यह वारंटी आपको खास कानूनी अधिकार देती है और आपके पास अन्य कानूनी अधिकार भी हो सकते हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग हो सकते हैं. किसी भी स्थिति में, (जैसा कि इस दस्तावेज़ में साफ़ तौर पर बताया गया है) आप रिफ़ंड पाने के/की हकदार हो सकते/सकती हैं.

12. नुकसान की भरपाई

आप सहमत हैं कि अगर आपकी सर्विस के इस्तेमाल, सर्विस से आपके जुड़ाव, इस एग्रीमेंट के उल्लंघन या किसी और के अधिकारों के उल्लंघन की वजह से कोई तीसरा पक्ष कोई दावा या मांग करता है (जिसमें उचित कानूनी फीस भी शामिल है), तो आप Remitly, सर्विस प्रोवाइडर्स और उनकी संबंधित सब्सिडियरी कंपनियों, अधिकारियों, एजेंटों, पार्टनर और कर्मचारियों को नुकसान से बचाएंगे/बचाएंगी और हरजाना भरेंगे/भरेंगी.

13. यह QCPA के तहत उपभोक्ता माने जाने वाले क्यूबेक के सोल प्रोप्राइटर पर लागू नहीं होता है. दायित्व की सीमा

लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, किसी भी स्थिति में Remitly, सेवा प्रदाताओं या उनकी संबंधित सहायक कंपनियों, संबद्ध कंपनियों, अधिकारियों, एजेंटों, भागीदारों या कर्मचारियों पर किसी भी दावे या कार्यवाही के संबंध में लाभ की किसी हानि, अप्रत्यक्ष, आकस्मिक, विशेष, दंडात्मक, परिणामी, अनुकरणीय या बढ़े हुए हर्जाने के लिए, अथवा किसी भी देयता, दायित्व, क्षति, हानि या लागत के लिए, जिसकी रकम CAD\$500.00 से अधिक हो, कोई दायित्व नहीं होगा (इसके अतिरिक्त ट्रांजेक्शन की रकम और सेवा शुल्क को रिफ़ंड किया जाएगा)। इसमें सद्भावना, उपयोग, डेटा या अन्य अमूर्त हानियों के लिए होने वाली क्षति भी शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है (भले ही Remitly को ऐसी क्षति की संभावना के बारे में सूचित किया गया हो), जो सर्विस या आपके REMITLY BUSINESS अकाउंट या उसमें निहित जानकारी की हैकिंग, छेड़छाड़ या अन्य अनधिकृत ऐक्सेस या उपयोग, अथवा Remitly, डिस्बर्समेंट भागीदारों या उनकी संबंधित सहायक कंपनियों, अधिकारियों, एजेंटों, भागीदारों या कर्मचारियों की लापरवाही से उत्पन्न या उसके संबंध में हुई हो.

Remitly इंटरनेट, इलेक्ट्रॉनिक संचार, दूरसंचार नेटवर्क या ऐसे अन्य सिस्टम या नेटवर्क के इस्तेमाल में होने वाली देरी, रुकावट, सर्विस की विफलता या अन्य समस्याओं के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा, जो Remitly के उचित नियंत्रण से बाहर हैं.

लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, Remitly किसी भी चीज़ के लिए कोई देनदारी या ज़िम्मेदारी नहीं लेता है: (I) कॉन्टेंट में गड़बड़ियां, गलतियां या अशुद्धियां; (II) हमारी सर्विस तक आपका ऐक्सेस या उसके इस्तेमाल के परिणामस्वरूप किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत चोट या संपत्ति का नुकसान; (III) हमारे सुरक्षित सर्वर और/या उनमें संग्रहीत किसी भी और सारी व्यक्तिगत जानकारी तक कोई अनधिकृत ऐक्सेस या इस्तेमाल; (IV) सर्विस तक या उससे ट्रांसमिशन में कोई रुकावट या समाप्ति; (V) कोई भी बग, वायरस, ट्रोजन हॉर्स, या ऐसी ही कोई चीज़ जो किसी तीसरे-पक्ष द्वारा हमारी सर्विस में या उसके ज़रिए भेजी जा सकती है; (VI) किसी भी कॉन्टेंट में कोई गलती या कमी, या सर्विस के ज़रिए पोस्ट, ईमेल, ट्रांसमिट या किसी और तरह से उपलब्ध कराए गए कॉन्टेंट के इस्तेमाल से हुए किसी भी नुकसान या क्षति के लिए; और/या (VII) यूज़र कॉन्टेंट या किसी तीसरे-पक्ष का अपमानजनक, आपत्तिजनक या गैर-कानूनी व्यवहार.

यह 'दायित्व की सीमा' सेक्शन तब भी लागू होता है, जब बताई गई दायित्व कॉन्ट्रैक्ट, टॉर्ट, लापरवाही, सख्त दायित्व, या किसी और आधार पर हो, भले ही Remitly को ऐसे नुकसान की संभावना के बारे में बताया गया हो. दायित्व की सीमा का यह नियम लागू अधिकार-क्षेत्र में कानून द्वारा अनुमत पूरी सीमा तक लागू होगा.

14. विवाद समाधान और शासित होने वाला कानून

1. लागू कानून और जगह.यह एग्रीमेंट और सर्विस या एग्रीमेंट से जुड़ा कोई भी विवाद या दावा (हर एक को "दावा" कहा जाएगा), ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के कानूनों और वहां लागू कनाडा के फ़ेडरल कानूनों के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा और उन्हीं के हिसाब से समझा जाएगा (कानून के टकराव के सिद्धांतों पर ध्यान दिए बिना). साथ ही, अगर आप QCPA के तहत उपभोक्ता माने जाने वाले/वाली क्यूबेक के/की सोल प्रोप्राइटर हैं, तो यह एग्रीमेंट और सर्विस या एग्रीमेंट से जुड़ा कोई भी दावा क्यूबेक प्रांत के कानूनों और वहां लागू कनाडा के फ़ेडरल कानूनों के अनुसार नियंत्रित होगा और उन्हीं के अुसार समझा जाएगा. इस सेक्शन में दी गई बातों के अलावा, आप वैंकूवर, ब्रिटिश कोलंबिया की सक्षम अदालतों के अधिकार क्षेत्र को मानने के लिए सहमत हैं; सिवाय इसके कि अगर आप QCPA के तहत उपभोक्ता माने जाने वाले क्यूबेक के/की सोल प्रोप्राइटर हैं, तो ऐसी स्थिति में आप क्यूबेक की अदालतों के अधिकार क्षेत्र को मानने के लिए सहमत हैं. इस एग्रीमेंट पर 'इंटरनेशनल सेल ऑफ़ गुड्स' (सामान की अंतरराष्ट्रीय बिक्री) के लिए यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन लागू नहीं होता है.

2. Remitly के साथ विवाद. अगर आपके और Remitly के बीच कोई विवाद होता है, तो हमारा लक्ष्य आपकी समस्याओं के बारे में जानना और उनका समाधान करना है. आपकी समस्याओं का समाधान करने में अगर हम आपको संतुष्ट नहीं कर पाते हैं, तो हम विवाद को जल्दी सुलझाने के लिए आपको एक निष्पक्ष और किफ़ायती तरीका देने की कोशिश करेंगे.

सर्विस के संबंध में आपके और Remitly के बीच विवादों की सूचना ऑनलाइनल तौर पर [<u>ग्राहक सेवा</u>] (https://www.remitly.com/home/contact) को इन तरीकों से दी जा सकती है; टेलीफ़ोन के द्वारा 1-888-736-4859 (या 1 (206) 535-6152) पर; या डाक के द्वारा Remitly Canada, Inc., attn: Customer Service (Canada), 401 Union Street, Suite 1000, Seattle WA 98101, USA पर.

यह QCPA के तहत उपभोक्ता माने जाने वाले क्यूबेक के सोल प्रोप्राइटर पर लागू नहीं होता है. मध्यस्थता.इस समझौते से जुड़ा कोई भी विवाद, जिसमें समझौते की वैधता, अस्तित्व, बाध्यकारी असर, व्याख्या, पालन, उल्लंघन या समाप्ति और साथ ही, टॉर्ट (नागरिक गलतियों) से जुड़े दावे शामिल हैं, उसे अदालतों के बजाय किसी अकेले मध्यस्थ को सौंपा जा सकता है और वही उसका अंतिम फैसला करेगा. यह मध्यस्थता वैनकूवर, ब्रिटिश कोलंबिया में अंग्रेज़ी भाषा में और 'नेशनल आर्बिट्रेशन इंस्टीट्यूट ऑफ़ कनाडा, इंक.' के 'नेशनल आर्बिट्रेशन रूल्स' के अनुसार होगा. बाकी सभी मामलों में, आर्बिट्रेशन 'आर्बिट्रेशन एक्ट (RSBC)' के नियमों के तहत होगा. मध्यस्थ का फैसला अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा और किसी भी पक्ष को तथ्यात्मक या कानूनी गलतियों के आधार पर इसके खिलाफ़ अपील करने का अधिकार नहीं होगा.

15. संचार

आप मानते/मानती हैं और सहमति देते हैं कि यह एग्रीमेंट इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा. Remitly Business अकाउंट और पासवर्ड बनाना इस एग्रीमेंट और इससे जुड़े एग्रीमेंट के लिए इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर माना जाएगा और इसका वही असर होगा जैसे आपने इन दस्तावेज़ पर स्याही से हस्ताक्षर किए हों.

कनाडा के एंटी-स्पैम कानूनों (CASL) की ज़रूरतों के अनुसार, जानकारी की निम्नलिखित श्रेणियां ("संचार") इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से दी जा सकती हैं: (i) यह एग्रीमेंट और इसमें कोई भी बदलाव, संशोधन या अतिरिक्त जानकारी; (ii) सर्विस के ज़रिए आपके ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड; (iii) सर्विस से जुड़ी कोई भी शुरुआती, समय-समय पर दी जाने वाली या अन्य जानकारी या नोटिस, जिसमें लागू कानून के तहत ज़रूरी जानकारी भी शामिल है; (iv) कस्टमर सर्विस से जुड़ी कोई भी बातचीत, जिसमें सर्विस में गलती या अनधिकृत इस्तेमाल के दावों से जुड़ी बातचीत भी शामिल है; (v) सर्विस या Remitly से जुड़ी कोई अन्य बातचीत.

CASL की ज़रूरतों के अनुसार, आपको आपके द्वारा दिए गए टेलीफ़ोन नंबर पर (i) ऑटो-डायल या पहले से रिकॉर्ड किए गए मैसेज कॉल या (ii) टेक्स्ट मैसेज के ज़रिए संचार भेजा जा सकता है. हम आपसे सीधे संपर्क कर सकते हैं या आपका फ़ोन नंबर उन सेवा प्रदाताओं के साथ शेयर कर सकते हैं, जिनके साथ हमने ऐसे संचार उपलब्ध कराने का कॉन्ट्रैक्ट किया है. फ़ोन कॉल और टेक्स्ट मैसेज के लिए सामान्य शुल्क लागू हो सकते हैं. सर्विस से जुड़े संचार को ऐक्सेस करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर की ज़रूरतों में शामिल हैं: कोई पर्सनल कंप्यूटर या अन्य डिवाइस जो इंटरनेट ऐक्सेस करने में सक्षम हो; कोई इंटरनेट वेब ब्राउज़र; और प्रिंटर या अन्य डिवाइस जो एग्रीमेंट और दस्तावेज़ को प्रिंट करने और/या सुरक्षित रखने में सक्षम हो.

सर्विस के तहत पेपर फ़ॉर्मेट में या अन्य गैर-इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से सूचनाएं उपलब्ध कराने की इजाज़त नहीं है. आप इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचार पाने की अपनी सहमति वापस ले सकते/सकती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा करते/करती हैं, तो सर्विस का आपका इस्तेमाल समाप्त कर दिया जाएगा. अपनी सहमति वापस लेने के लिए, आपको इस एग्रीमेंट के अंत में दी गई हमारी संपर्क जानकारी का इस्तेमाल करके हमसे संपर्क करना होगा.

16. विविध

1. तीसरे पक्ष की वेबसाइटों के लिंक और उन पर मौजूद कॉन्टेंट. हमारी वेबसाइट पर तीसरे पक्ष की वेबसाइटों या तीसरे पक्ष के कॉन्टेंट के लिए दिए गए सभी बाहरी लिंक आपकी सुविधा के लिए हैं और इसका मतलब यह नहीं है कि Remitly तीसरे पक्ष की वेबसाइट या कॉन्टेंट का अनुमोदन करता है. ये साइटें किसी भी तरह से हमारे द्वारा नियंत्रित नहीं हैं और हम इन साइटों के सटीक होने, पूर्ण होने, कानूनी रूप से वैध होने, या उन पर प्रदान किए गए किसी भी कॉन्टेंट सहित किसी भी अन्य पहलू के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं. आप इस प्रकार की वेबसाइटों का

इस्तेमाल अपने खुद के जोखिम पर करते/करती हैं.

2. संपूर्ण एग्रीमेंट.यह एग्रीमेंट आपके और Remitly के बीच "संपूर्ण एग्रीमेंट" माना जाएगा. साथ ही, यह आपके द्वारा सर्विस के इस्तेमाल को विनियमित करेगा और आपके और Remitly के बीच इससे पहले हुए किसी भी एग्रीमेंट की जगह यही एग्रीमेंट लागू होगा.

3. कोई वेवर नहीं.अगर Remitly इस एग्रीमेंट के किसी अधिकार या प्रावधान का प्रयोग करने या उसे लागू करने में विफल रहता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि उस अधिकार या प्रावधान को माफ़ किया जा रहा है. अगर एग्रीमेंट का कोई भी प्रावधान किसी मध्यस्थ या किसी सक्षम अधिकार-क्षेत्र वाली अदालत द्वारा अमान्य पाया जाता है, तब भी सभी पक्ष इस बात से सहमत होंगे कि मध्यस्थ या अदालत के द्वारा एग्रीमेंट के अभिप्राय को (जैसा कि प्रावधान में ज़ाहिर किया गया हो) उचित रूप से वैध प्रभाव देने का प्रयास करना चाहिए, और एग्रीमेंट के अन्य प्रावधान पूरी तरह से लागू होंगे और प्रभावी रहेंगे.

4. अप्रत्याशित परिस्थितियां.हम सर्विस की परफ़ॉर्मेंस में किसी तरह की कमी या देरी के लिए तब तक ज़िम्मेदार नहीं होंगे, जब तक कि ऐसी कमी या देरी हमारे उपयुक्त नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों की वजह से हो रही हो. इन वजहों में ये भी शामिल हैं, मगर वजहें इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: लागू होने वाले कानूनों में बदलाव; ज़रूरी भौतिक अवसंरचना का और नेटवर्क के बुनियादी ढांचे का बंद या अनुपलब्ध होना; किसी देश की सरकार द्वारा अपने ऋण दायित्वों का भुगतान करने में विफल हो जाना; बिजली या इंटरनेट का उपलब्ध न होना; नागरिक अशांति; युद्ध; और भूकंप, आग, बाढ़, या अन्य प्राकृतिक आपदाएं.

17. सुरक्षा

आपकी सुरक्षा Remitly के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम विभिन्न किस्म के सुरक्षा उपायों का इस्तेमाल करते हैं, ताकि यह पक्का हो सके कि आपकी जानकारी सुरक्षित है. हमारा आग्रह है कि किसी ऐसे व्यक्ति को पैसे भेजने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें जिसे आप ठीक से नहीं जानते/जानतीं. खास तौर पर, आपको उन डील या ऑफ़र से सावधान रहना चाहिए जिनमें किए गए दावों पर भरोसा करना मुश्किल हो. अगर आपको लगता है कि आपके साथ धोखाधड़ी हुई है या हो सकती है, तो कृपया तो कृपया तुरंत हमसे 1-888-736-4859 (या +1 (206) 535-6152) पर फ़ोन करके संपर्क करें. अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति या इकाई के बारे में जानते/जानती हैं, जिसके द्वारा सेवा का अनुचित इस्तेमाल किया जा रहा है, तो कृपया हमें [<u>abuse@remitly.com</u>](यहां ईमेल भेजें:abuse@remitly.com) पर ईमेल करें. अगर आपको कोई फ़र्ज़ी (फ़िशिंग) ईमेल मिलता है, जो Remitly की तरफ़ से भेजे जाने का दावा करता है, तो कृपया उस ईमेल को हमें [<u>abuse@remitly.com</u>](यहां ईमेल भेजें:abuse@remitly.com) पर फ़ॉरवर्ड कर दें.

18. भाषा

यह एग्रीमेंट फ्रेंच और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है. आप इस बात की पुष्टि करते/करती हैं कि आपने अनुरोध किया है कि यह एग्रीमेंट और सभी संबंधित दस्तावेज़ अंग्रेज़ी में तैयार किए जाएं, आपको इस एग्रीमेंट का फ़्रेंच भाषा वाला वर्ज़न उपलब्ध कराया गया है और आप इस एग्रीमेंट के अंग्रेज़ी भाषा वाले वर्ज़न से बाध्य होने के लिए सहमत हैं. *La présente convention est disponible en français et en anglais. Vous confirmez par la présente que vous avez demandé que la présente convention et tous les documents y étant afférents soient rédigés en anglais, que vous avez reçu une version française de la présente convention et que vous avez accepté d'être lié par la version anglaise de la présente convention.*

19. संपर्क जानकारी

सवाल, नोटिफ़िकेशन और रिफ़ंड या ज़्यादा जानकारी पाने के लिए Remitly को इस तरह अनुरोध भेजे जा सकते हैं:

[<u>ऑनलाइन</u>](https://www.remitly.com/home/contact); टेलीफ़ोन से 1-888-736-4859 (या +1 (206) 535-6152) पर; या डाक से Remitly Canada, Inc., attn: Customer Service (Canada), 401 Union Street, Suite 1000, Seattle, WA 98101, USA पर.

आप इस बात को स्वीकार करते/करती हैं कि आपने इन नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और आप इनसे बंधे रहने के लिए सहमत हैं. आप इस बात को स्वीकार करते/करती हैं और सहमत हैं कि हर बार जब आप सर्विस से जुड़ी कोई जानकारी सबमिट करते/करती हैं या कोई ट्रांजेक्शन करते/करती हैं, तो ऐसा हर ट्रांजेक्शन इन नियमों और शर्तों से बंधे रहने के लिए आपकी सहमति और इरादे को दर्शाता है.

31 अगस्त, 2026 को अपडेट किया गया